दिनांकः 30.04.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर`

- राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा–जून तक सभी विश्वविद्यालयों में दीक्षांत समारोह किये जाएंगे आयोजित।
- प्रदेश में मार्च से अब तक एन्फोर्समेंट एजेंसियों ने करीब एक हजार करोड़ रुपये की अवैध नकदी और वस्तुएं कीं जब्त–करीब चौहद सौ अवैध हथियारों की भी जब्ती।
- पांचवीं बोर्ड की परीक्षाएं आज से शुरू–करीब पौने पंद्रह लाख विद्यार्थी दे रहे हैं परीक्षा।
- राज्य में तेज गर्मी का असर जारी–कोटा में दिन का तापमान 42 डिग्री सेल्सियस पहुंचा।

............

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि उनका प्रयास है कि जून महीने तक प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों में दीक्षांत समारोह आयोजित करवा दिये जाएं। बीकानेर के तकनीकी विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह के बाद पत्रकारों से बातचीत में राज्यपाल ने कहा कि उनकी कोशिश है कि योग्य विद्यार्थियों को नियमित रूप से उपाधियां और पदक मिलते रहें तथा निर्धारित समय पर परीक्षाएं सम्पन्न हो सकें। विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति श्री मिश्र ने कहा कि उनके प्रयास हैं कि संविधान की उद्देशिका और मूल कर्तव्यों की सभी लोगों को जानकारी मिल सकें।

............

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज जयपुर के दौरे पर रहेंगे। वे यहां एक निजी स्कूल के उद्घाटन समारोह में भाग लेंगे। उपराष्ट्रपति वरिष्ठ पत्रकार कर्पूर चन्द्र कुलिश की प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे। श्री धनखड़ शहर के गणमान्य लोगों से मुलाकात करेंगे। उनका आज ही दिल्ली लौटने का कार्यक्रम है।

............

प्रदेश में लोकसभा आम चुनाव के दौरान अलग–अलग एनफोर्समेंट एजेंसियों की ओर से मार्च महीने की शुरुआत से अब तक करीब एक हजार करोड़ रूपए कीमत की अवैध वस्तुएं और नकदी जब्त की गयी हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से संदिग्ध वस्तुओं और धन के अवैध उपयोग की धरपकड़ के लिए चलाये गये अभियान के दौरान 1 मार्च से अब तक 982 करोड़ रूपए से अधिक की जब्ती की गयी है। उन्होंने बताया कि 5 जिलों में 40–40 करोड़ रुपये से अधिक की जब्ती हुई है।
इनमें सबसे ज्यादा लगभग 68 करोड़ रूपए की बरामदगी जालौर जिले से की गयी है। श्री गुप्ता ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद 16 मार्च से अब तक एजेंसियों द्वारा पकड़ी गई वस्तुओं की कीमत 880 करोड़ रुपये से ज्यादा है।

............

राज्य में आम चुनाव को शांतिपूर्ण सम्पन्न करवाने के लिए पुलिस प्रशासन और विभिन्न एजेंसियों द्वारा अभियान चलाकर करीब चौदह सौ अवैध हथियार जब्त किये गये। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि मतदान के बाद भी प्रदेशभर से आठ हथियारों और कुछ कारतूसों की जब्ती की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में क़ानून–व्यवस्था की स्थिति पर कड़ी नजर रखने का परिणाम है कि मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही। आचार संहिता लागू होने के बाद करीब दो लाख लोगों को अवांछित गतिविधियों के चलते पाबंद किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश भर में सुरक्षा की दृष्टि से 1 लाख 55 हजार से अधिक लाइसेंसी हथियार विभिन्न पुलिस थानों में जमा करवाए गए। वहीं सत्रह सौ से अधिक हथियारों के लाइसेंस निलंबित किये गये। श्री गुप्ता ने बताया कि आदर्श आचार संहिता बनी रहने की वजह से अब भी प्रदेशभर में 204 अंतर्राज्यीय पुलिस नाकों सहित कुल 239 स्थानों पर निगरानी की जा रही है। इसके अलावा 481 सतर्कता दस्ते अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

............

प्रदेश में आज से पांचवीं बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो गयी हैं। चार मई तक चलने वाली इन परीक्षाओं में करीब पौने 15 लाख विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। इसके लिए राज्यभर में साढे 18 हजार से अधिक परीक्षा केन्द्र बनाए गये हैं। सुबह आठ से साढे दस बजे की पारी में ली जा रही इन परीक्षाओं को निष्पक्ष और सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने के लिए शिक्षा विभाग ने व्यापक इंतजाम किये हैं। परीक्षा में विशेष योग्यजन और जन्म से ही शारीरिक विकृतियों से ग्रसित विद्यार्थियों को प्रश्न पत्र हल करने के लिए एक घंटे का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। आज पहले दिन अंग्रेजी विषय की परीक्षा ली जा रही है।

............

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा–यूजीसी नेट अब 18 जून को होगी। पहले यह परीक्षा 16 जून को आयोजित होनी थी। यूजीसी ने उम्मीदवारों की प्रतिक्रिया के बाद यह फैसला लिया है।

............

परिवहन और सड़क सुरक्षा विभाग की ओर से 1 अप्रेल 2019 से पहले के पंजीकृत सभी प्रकार के वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट 30 जून तक लगाया जाना अनिवार्य किया गया है। आखिरी तारीख के बाद वाहन पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट नहीं होने पर पहली बार में 5 हजार रुपये जुर्माना लगाया जाएगा इसके बाद भी प्लेट नहीं लगाने पर दुबारा 10 हजार का जुर्माना वसूला जाएगा। हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट के बिना वाहनों का परिवहन कार्यालय में भी किसी भी प्रकार का कार्य संपादित नहीं किया जाएगा।

............

जैसलमेर जिला कलेक्टर प्रताप सिंह ने जिले में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम चलाने और गर्भवती महिलाओं तथा बच्चों को शत–प्रतिशत टीके लगाने के निर्देश दिये हैं। कल एक बैठक में उन्होंने टीकाकरण अभियान में जिला स्तरीय अधिकारियों को समन्वय के साथ काम करने और वंचितों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। जिला कलेक्टर ने टीकाकरण कार्यक्रम के तहत शहरी क्षेत्र के साथ ही सरहदी इलाकों की गांव ढाणियों को भी जोड़ने को कहा। उन्होंने टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 15 मई तक एएनएम, आशा सहयोगिनियों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से सर्वे का काम पूरा करने को कहा।

............

प्रदेश में तेज गर्मी का असर बना हुआ है। कल कई जिलों में दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आस–पास दर्ज किया गया। राज्य के दक्षिणी हिस्सों में कुछ जगहों पर पारा 40 डिग्री के पार पहुंचने से लोगों की दिनचर्या प्रभावित होने लगी है। कोटा में कल सबसे ज्यादा 42 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां दिन में गलियों और बाजारों में चहल–पहल कम होने लगी है।

..............

मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों में धौलपुर में अधिकतम तापमान 41 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं करौली में 40 दशमलव 6 और अलवर, बारां, भरतपुर में दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया।

इस बीच, मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि पश्चिमी राजस्थान में एक हल्के प्रभाव का पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इस सिस्टम से सरहदी जिलों में आज भी धूलभरी हवा चल सकती है।

............